उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली पर बैठक

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। कृषि विभाग द्वारा उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल बैरवा, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ नरेन्द्र चौधरी, नगरपरिषद बडौदा के उपाध्यक्ष धारा सिंह बंजारा उप संचालक कृषिश्री जी.के. पचौरिया, सहायक संचालक मुनेश कुमार शाक्य, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से दिनेश गुप्ता, डीएमओ सतेन्द्र सिंह, कृषि विकास अधिकारी अरूण कुमार शाक्य, समिति प्रबंधक एवं निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में ई-विकास प्रणाली 15 जनवरी से लागू की जा रही है, यह एक डिजिटल प्रणाली है। इस योजना का उद्देश्य सरलता एवं सुविधाजनक तरीके से किसानों को उर्वरक का वितरण करना है। इसके माध्यम से डिजिटल टोकन प्राप्त होगे तथा समान रूप से निष्पक्ष वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। किसान का पंजीकरण आधार और मोबाइल नंबर के माध्यम से ई-टोकन बुक किया जायेगा, जो डिजिटल पहचान और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। लॉगिन उपरांत एग्रीस्टीक से प्राप्त कृषक की भूमि की जानकारी दिखने लगेगी। जिसके अंतर्गत भूमि के रकबे, सर्वे नंबर और फसल की जानकारी के साथ ही उर्वरक और रिटेलर विक्रेता की जानकारी शामिल है, कृषक यदि सहकारी समिति का सदस्य् है तो सहकारी संस्था का चयन किया जायेगा, यदि वह सहकारी समिति का सदस्य नही है तो विपणन संघ के नगद विक्रय केन्द्र, मार्केटिंग समिति एवं निजी विक्रेताओं का चयन कर ई-टोकन जनरेट कर सकता है।

क्यूआर कोड को लेकर कृषक चयनित विक्रेता के पास पहुंचेगे और चयनित विक्रेता कृषक का ई-टोकन क्यूआर कोड स्कैन कर, कृषक द्वारा चयनित उर्वरक संबंधित कृषक को प्रदान करेंगे। इसके अलावा यदि किसान की भूमि एग्रीस्टीक के माध्यम से पोर्टल पर प्रदर्शित नही हो रही है, तो किसान पोर्टल पर आधार के द्वारा लॉगिन करके ट्रस्ट/ पट्टा/ अन्य किसानों के पंजीयन लिंक पर क्लिक करेंगे। खुले इंटरफेस में किसान को कुल भूमि (हेक्टे. में), कुल सिंचित भूमि (हेक्टे. में), खसरा नंबर, राज्य, जिला, विकास खंड, ग्राम, अनुभाग की जानकारी भरने के बाद सत्यापन कर, सबमिट करेंगे। किसान द्वारा सबमिट की गई भूमि की जानकारी का सत्यापन संबंधित एसडीएम अथवा पटवारी द्वारा किया जाएगा। सत्यापन हो जाने के बाद, किसान पोर्टल पर लॉगिन कर, अपनी मांग के अनुसार ई-टोकन/कूपन जनरेट कर सकते है तथा नियत तिथि पर उर्वरक वितरण केंद्र से उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा

रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक ग्वालियर रेफर

नवभारत न्यूज
विजयपुर,10 जनवरी। थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रॉन्ग साइड से आ रहे खाली मिट्टी के ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिंकी पुत्र मोहर सिंह गौर (उम्र 42 वर्ष), निवासी रण सिंह कॉलोनी, विजयपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक रामकेश रावत एवं पायलट संजय शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में भर्ती कराया। साथ ही घायल के परिजनों एवं थाना प्रभारी को सूचना दी गई। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च उपचार हेतु ग्वालियर रेफर कर दिया गया। इस मामले में घायल की पत्नी सीमा द्वारा विजयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इनका कहना है:-
घायल की हालत गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।
डॉ. प्रमोद गहलोत,
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
विजयपुर

दुर्घटना ट्रैक्टर के रॉन्ग साइड से आने के कारण हुई है। प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।
भारत सिंह गुर्जर थाना
प्रभारी विजयपुर

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन : आज रवाना होंगे तीर्थ यात्री

श्री रामतलाई हनुमान मंदिर श्योपुर एवं तहसील कार्यालय विजयपुर पर उपलब्ध रहेंगी बसें

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले से 200 तीर्थ यात्री 11 से 17 जनवरी तक द्वारिका-सोमनाथ की तीर्थ यात्रा के लिए जायेगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार यात्रियों को शिवपुरी स्टेशन तक पहुंचाने के लिए 5 बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह बसे 11 जनवरी को प्रात: 10 बजे श्योपुर-बडौदा के यात्रियों के लिए श्री रामतलाई हनुमान मंदिर श्योपुर पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही विजयपुर के यात्रियों के लिए बस तहसील कार्यालय विजयपुर से प्रात: 10 बजे रवाना होगी। कराहल के यात्री बस स्टैण्ड कराहल से बस में बैठेंगे। डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि यात्रियों को सुविधाजनक तरीके से शिवपुरी रेलवे स्टेशन तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। श्री रामतलाई हनुमान मंदिर श्योपुर से श्योपुर के 150 यात्री तथा बडौदा के 11 यात्री रवाना होंगे। कराहल के 13 यात्री बस स्टैण्ड कराहल से बैठेगे। इसी प्रकार तहसील कार्यालय विजयपुर से उस क्षेत्र के 26 यात्री बस द्वारा शिवपुरी के लिए रवाना होगे। यात्रियों के साथ तीर्थ यात्रा के लिए अनुरक्षक के रूप में नायब तहसीलदार दर्शनलाल बौद्ध के नेतृत्व में 4 सदस्यीय दल भी रहेगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार यात्रियों को तीर्थ यात्रा से वापस लौटने पर शिवपुरी स्टेशन से वापस लाने के लिए बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने यात्रा पर जाने वाले यात्रियों से अनुरोध किया है कि अपने साथ पर्याप्त संख्या में गर्म ऊनी वस्त्र, शॉल, कंबल तथा आवश्यक दवाईयां साथ में लेकर आयें। इसके साथ ही दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की फोटोकॉपी भी लाना अपेक्षित है।

करहाल, दांतरदा में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। श्योपुर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम एवं जन-जागरूकता हेतु विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कराहल, दांतरदा में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब एवं सहायक संचालक रिशु सुमन के निर्देशन में ग्राम कराहल और दांतरदा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विवाह की वैधानिक आयु की जानकारी दी गई। बताया गया कि लड़कों के लिए न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष तथा लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित है और इसी आयु के बाद विवाह किया जाना कानूनन आवश्यक है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि बाल विवाह करने या उसमें सहयोग करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना एवं दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित ग्रामीण जनों को शपथ दिलाई गई कि वे किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह में सहयोग नहीं करेंगे तथा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करते हुए उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। इन कार्यक्रमों में बाल कल्याण समिति के सदस्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय पर्यवेक्षक, विद्यालयों के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खेलो एमपी यूथ गेम्स को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की कार्य योजना को लेकर खेल विभाग द्वारा अन्य सहयोगी विभागों सहित खेल संघो के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। खेल अधिकारी अरूण सिंह ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत ब्लॉक एवं जिला स्तर पर एथेलेटिक्स, बास्केटबॉल, बेडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल टेनिस, बॉलीवाल, क्रिकेट, शंतराज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल श्री गणेश महाविद्यालय विजयपुर में 13 जनवरी को, पीजी कॉलेज खेल मैदान एवं वीर सावरकर स्टेडियम श्योपुर में 15 जनवरी को तथा आदर्श आवासीय एकलव्य विद्यालय कराहल में 16 जनवरी को प्रात: 11 बजे से होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 19 जनवरी को प्रात: 11 बजे से पीजी कॉलेज खेल मैदान श्योपुर, वीर सावरकर स्टेडियम, देहात थाना खेल मैदान श्योपुर एवं ढेगदा खेल परिसर में होगी। ब्लॉक स्तर पर खेलो की चयन स्पर्धा के लिए आयोजन प्रभारी नियुक्त किये गये है, श्योपुर के लिए डेलन सिंह चुमराची मोबाइल नंबर 6260405627, कराहल के लिए आशीष दुबे मोबाइल नंबर 9755662450, विजयपुर के लिए रामलखन धाकड मोबाइल नंबर 9926299488 एवं शिवकुमार सिंह तोमर मोबाइल नंबर 9630990890 नियुक्त किया गया है। खेलो में भाग लेने के लिए खिलाड़ी ऑनलाईन के माध्याम से अपना पंजीयन करा सकते है, इसके साथ ही प्रतियोगिता स्थल पर भी ऑफलाइन फार्म भरना होगा।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने बनाई मानव श्रृंखला

श्योपुर, 10 जनवरी। स्वीप नोडल एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में 01 जनवरी 2026 को 18 वष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोडे जाने हेतु आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के क्रम में श्योपुर कॉलेज में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। प्राचार्य महाविद्यालय डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित मानव श्रृंखला के माध्यम से विद्यार्थियों कों लोकतंत्र के महत्व तथा लोकतात्रिक प्रक्रिया में वोटर लिस्ट के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई ।

जेल में निरीक्षण सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर कपिल मेहता द्वारा जिला जेल, श्योपुर का आकस्मिक निरीक्षण सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

उक्त निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष कपिल मेहता द्वारा समस्त बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से भोजन की गुणवत्ता, पेशी की व्यवस्था और मुलाकात, स्वास्थ्य सुविधाओं और इलाज इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियों से उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति एवं अपील संबंधी जानकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर की सचिव श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार द्वारा बंदीजन को नि:शुल्क विधिक सहायता व सलाह योजना, प्लीबार्गेनिंग संबंधी प्रावधानों एवं बंदीजनों को उनके अपीलीय अधिकारों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस अवसर पर जिला जेल अधीक्षक प्रभात कुमार एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहे।

कृषि रथ संचालन के संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त

श्योपुर, 10 जनवरी। कृषि रथ का संचालन किये जाने के लिए एसडीएम श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल को अपने-अपने अनुभाग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कृषि एवं संबंधित विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में कृषि रथ का संचालन किया जायेगा।

खिलाड़ियों का जीवाजी विश्वविद्यालय की टीम में चयन

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के 5 खिलाड़ियों विष्णु बैरवा, चरणजीत सिंह, अमित, योगेंद्र योगी एवं विक्रम बैरवा का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन हुआ है। यह खिलाडी 12-17 जनवरी के बीच एल.एन.सी.टी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व जीवाजी विश्व विद्यालय की टीम में करेंगे। महाविद्यालय के दो वेटलिफ्टिंग खिलाडी दिलीप शर्मा एवं सौरभ सिंह भदौरिया भी जीवाजी विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयनित किये गये है। यह खिलाडी संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल यूनिव सिटी, भोपाल में 12 से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इंटर यूनिवसिर्टी टीम में खिलाडियों का चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा द्वारा सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह, जिला वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव सौरभ भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

एसआईआर प्रक्रिया की वीसी के माध्यम से की जिलेवार समीक्षा

नवभारत न्यूज
श्योपुर,10 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना द्वारा आज प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जिलेवार समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर निर्देश दिये गये कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी से पूर्व सभी कार्यवाहियां पूर्ण कर ली जायें। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा, एसडीएम गगन सिंह मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान आदि उपस्थित रहें।

गौ पुरुष मंदिर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के तहत ओमकार मंत्र का किया जाप

नवभारत न्यूज
इंदरगढ़,10 जनवरी। नगर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के तहत आज गौ पुरुष मंदिर पर ओमकार मंत्र का जाप एवं जलाभिषेक किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित इंदरगढ़ मंडल के अध्यक्ष राम लखन गुर्जर इंदरगढ़ नगर के समाज सेवी सुधीर अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप दांतरे भास्कर गुप्ता प्रदीप नाहर विनोद उपाध्याय रमज्ञान शर्मा प्रतिपल यादव दीपू तिवारी जीएस यादव जोगेंद्र जाट संतोष खटीक राकेश खटीक कौशल गुर्जर पार्षद रवि चौरसिया मुकेश शर्मा बलवीर कुशवाहा रामबाबू तिवारी दुर्गेश बघेल रिंकू राणा चरण दास केलारे आदि ।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज
इंदरगढ़,10 जनवरी। शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ मे की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने तथा वोटर कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निलय गोस्वामी द्वारा छात्र छात्राओं को मतदाता जागरुकता संबंधित जानकारी प्रदान की गई साथ ही उन्होंने बताया छात्र-छात्राएं भारत का भविष्य है बे प्रजातंत्र की रीड है जो बेहतर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर जन जागरूकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार मौर्य, स्पोर्ट ऑफिसर श्री राघवेंद्र सिंह, अर्जित चतुर्वेदी, ईको क्लब प्रभारी डॉ. शवाना बानो तथा अन्य महा विद्यालय स्टाफ रोहित कुशवाहा, दुष्यंत करण , उत्तम सिंह, नीरज, लतीफ खान आदी उपस्थित रहे।

एक नजर में

अनुरक्षक के संबंध में संशोधित आदेश जारी

श्योपुर, 10 जनवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारिका-सोमनाथ की तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के साथ अनुरक्षक के रूप में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में संशोधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार अनुरक्षक के रूप में तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर के स्थान पर अब नायब तहसीलदार गसवानी दर्शनलाल बौद्ध को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइलं नंबर 6263343911 है।

रोग संक्रमण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

श्योपुर, 10 जनवरी। वैक्सीन प्रतिबंधित रोगों की निगरानी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सीएमएचओ कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान एसएमओ ग्वालियर राजावत, टीकाकरण अधिकारी श्योपुर डॉ मुकेश मीणा, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट योगेश यादव द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षको को संक्रमित रोगों की निगरानी के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उक्त संबंध में रिपोर्टिंग आदि पर जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन आदि शामिल रहें।

किला, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन फीडर की बंद रहेगी विद्युत की आपूर्ति

श्योपुर, 10 जनवरी। श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाइनों पर पोस्ट मानसून मेंटीनेंस कार्य के चलते किला, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन फीडर से 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। प्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने जानकारी दी कि इसके चलते गिट्टी क्रेशर, अस्पताल, स्टेडियम, ढेगदा, आनंद नगर, शिवपुरी रोड, डॉक्टर कॉलोनी, तिरूपति कॉलोनी, बौद्धबिहार कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, कलेक्ट्रेट कार्यालय, कोर्ट एवं आसपास के एरिया में 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।

सीएचओ को नोटिस जारी

श्योपुर, 10 जनवरी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सेना एवं जिला कम्युनिटी मोबाइलाइजर अमित श्रीवास द्वारा विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम गोहर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस अंतर्गत गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य व हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हाकन में संतोषजनक कार्य नही पाये जाने सीएचओ राजेन्द्र सैनी, एएनएम अनीता तिवारी को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला का भ्रमण कायक्रम

श्योपुर, 10 जनवरी। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला आज 10 जनवरी की रात 11 बजे सेसईपुरा स्थित कूनो रिसोर्ट पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे राजाराम रिसोर्ट श्योपुर में विकसित भारत जी रामजी योजना के संबंध में प्रेसवार्ता करेंगे। इसके उपरांत शाम 6 बजे श्योपुर से सवाई माधोपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 7 .30 बजे सर्किट हाउस सवाई माधोपुर पहुंचेगे और रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला 12 जनवरी को प्रात: 11 बजे रणथम्बौर स्थित गणेश मंदिर के दर्शन हेतु प्रस्थान करेंगे तथा दर्शन उपरांत दोपहर 01 बजे पुन: सर्किट हाउस सवाई माधोपुर पर आगमन होगा, इसके उपरांत रात्रि 9 .40 बजे सवाई माधोपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल के लिए ट्रेन से प्रस्थान करेंगे।

ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कल से

श्योपुर, 10 जनवरी। जिले में 12 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान आयोजित किया जायेगा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने इस संबंध में सभी विभाग अधिकारियों तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के तहत निर्देश जारी किये गये है। ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत 12 से 26 जनवरी तक ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ग्राम चौपाल, ग्राम रैली, सामुहिक श्रमदान, पारिवारिक संपर्क कार्यक्रमो के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलम्बन, स्वदेशी नागरिक सेवा, शिक्षा, संस्कार, नशामुक्त समाज, गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जायेगा, साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।